तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 3 मई 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 एक तरफ पर्यावरण का संरक्षण तो दूसरी ओर अतिक्रमण से संरक्षित हुई शासकीय भूमि



## खबर संक्षेप

### कलचुरी पब्लिक इंग्लिश स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गेवरा-दीपका।** कलचुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल झाबर के कक्षा दसवीं का छात्र तन्मय पेंद्रो ने 93 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा खुशबू डहरवाल ने 85.5 प्रतिशत अंक से द्वितीय, आयुषी उपाध्याय ने 81.5 प्रतिशत अंक से तृतीय, खुशहाली डहरवाल ने 79 प्रतिशत अंक से चतुर्थ और निकिता कुलदीप ने 71 प्रतिशत अंक से पंचम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं के छात्र सन्नी चौहान ने 73 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, साक्षी राठौड़ ने 68.4 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान, जानकी यादव ने 66.4 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान, यास्मीन ने 64.4 प्रतिशत अंक से चतुर्थ स्थान और सोनम कुमारी ने 59.6 प्रतिशत अंक से पंचम स्थान प्राप्त किया।

### श्रम वीरों का शाल-श्रीफल से सम्मान

**दीपका।** मजदूर दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने वाले श्रमिकों का शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा नगर पालिका क्षेत्र जो आज स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित दिखाई देता है, वह केवल आप सभी कर्मठ श्रमिकों की बदौलत है। आप शहर की रीढ़ हैं। पार्षद अरुणीश तिवारी ने अपने संबोधन में श्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, किसी भी राष्ट्र का विकास वहाँ के श्रमिकों के कंधों पर निर्भर करता है। एक स्वस्थ और सुखी समाज का निर्माण श्रमिकों की निस्वार्थ सेवा से ही संभव है।

## पूर्व में दो ट्रांसपोर्टरों के भरोसे नान कर रहा था भंडारण का काम

# पीडीएस दुकानों में चावल का भंडारण करने चार ट्रांसपोर्टरों को दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीडीएस दुकानों में चावल का भंडारण करने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा दो और ट्रांसपोर्ट कंपनी को हायर किया है। पूर्व में दो ट्रांसपोर्टरों के द्वारा ही भंडारण कार्य किया जा रहा था। जिससे 200 से अधिक पीडीएस दुकानों में 70 हजार क्विंटल से अधिक चावल का भंडारण 30 अप्रैल तक नहीं हो सका था।

**खास बात**

- दो सौ से अधिक दुकानों में 70 हजार क्विंटल से अधिक का चावल नहीं हो सका था भंडारण

जिले में पीडीएस की चरमराती व्यवस्था को लेकर मुख्यालय के द्वारा लगातार वीडियो क्रांफ्रेंसिंग से अधिकारियों से जानकारी ली जा रही थी। जिस पर व्यवस्था में सुधार लाने के लिए नान मुख्यालय के द्वारा लगातार भंडारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए जाते रहे। मुख्यालय के बढ़ते लगातार दबाव की वजह से नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा कुल 4 ट्रांसपोर्ट कंपनियों के माध्यम से भंडारण कार्य शुरू किया है। दोनों नए ट्रांसपोर्टर पूर्व में भी भंडारण का कार्य कर चुके हैं। जब व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई तब नान के अधिकारियों को ट्रांसपोर्टरों की संख्या बढ़ाने का होश आया। इसके पूर्व स्थानीय अधिकारियों के द्वारा मुख्यालय के शीर्ष अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने का हवाला दिया जाता रहा। 30 अप्रैल तक मई व जून माह के चावल का भंडारण करने की तिथि तय की गई थी। किन्तु इस तिथि तक जून तो दूर मई महीने के भी चावल का भंडारण नहीं हो सका था।



फाइल फोटो

### प्रति माह 1 लाख 15 हजार क्विंटल चावल का होता है आबंटन

जिले में एपीएल व बीपीएल हितग्राहियों के लिए प्रतिमाह 1 लाख 15 हजार क्विंटल चावल का आबंटन होता है। इनमें 36 हजार क्विंटल एपीएल हितग्राहियों के लिए शेष बीपीएल हितग्राहियों एवं अंत्योदय योजना के हितग्राहियों के लिए आबंटित होता है। पिछले 3 माह से जिले की पीडीएस दुकानों से सबसे बड़ी समस्या एपीएल हितग्राहियों को हो रही थी। उनके हिस्से का चावल अधिकांश पीडीएस दुकानों में नहीं पहुंचता था।

### भटक रहे एपीएल हितग्राही

जिले में चावल संकट का सबसे अधिक सामना एपीएल हितग्राही कर रहे हैं। पीडीएस दुकानों में बीपीएल हितग्राही का चवाल पहुंच रहा है। शहर की दुकानों से एपीएल हितग्राही बैरंग लौट रहे हैं। उनके हिस्से का चवाल दुकानों में नहीं पहुंच रहा है। एपीएल हितग्राहियों को एक माह का चवाल ही मिला है जबकि दो माह का चवाल कब मिलेगा इसकी जानकारी कोई नहीं दे रहा है। ऐसे मामले जनदार्शन में भी पहुंच चुकी है। खाद्य विभाग ने कुछ दुकानों के खिलाफ करवाई भी की है जिनके खिलाफ गड़बड़ी की शिकायत हुईं थी। उसके बावजूद दुकानों मे गड़बड़ियां नहीं रुक रही है। हलांकि प्रशासन चावल भंडारण और गड़बड़ी रोकने लगातार करवाई कर रहा है।

### 556 दुकानें जिले में हैं संचालित

नई पंचायतें बनने के बाद खाद्य विभाग के द्वारा चिन्हित पंचायतों में पीडीएस दुकान खोलने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके तहत जिले के शहरी व ग्रामीण अंचल मिलाकर अकेले ग्रामीण अंचल में ही 400 पीडीेस दुकानें संचालित हैं। शेष दुकानें नगर निगम कोरबा के साथ कटघोरा, पाली, छुरी, दीपका एवं बांकीमोंगरा नगरीय निकाय के अधीन संचालित हैं। इन नगरीय निकायों में सर्वाधिक 78 दुकानें अकेले कोरबा निगम में संचालित हैं।

### किया जा रहा भंडारण

पीडीएस दुकान में चवाल भंडारण का कार्य चल रहा है। ट्रांपोर्टर की संख्या बढ़ाई गई है।
**-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# राजेश बने बालको के नए सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वेदांता एल्यूमिनियम कंपनी बालको ने राजेश कुमार सिंह को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक नियुक्त किया है। वे सीईओ के साथ बालको के पूर्ण कालिक निदेशक भी होंगे। उन्होंने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। वे कंपनी के समग्र प्रचालन, रणनीति और भविष्य की विकास पहलों का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने अपने करियर के दौरान विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में कई विनिर्माण इकाइयों ने उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार करते हुए लागत में कमी लाकर विश्वस्तरीय मानक स्थापित किए हैं। प्रचालन, औद्योगिक सुरक्षा, उत्पादकता एवं गुणवत्ता सुधार, डिजिटलाइजेशन, नेतृत्व और रणनीति जैसे क्षेत्रों में उनकी गहरी विशेषज्ञता रही है। उनके नेतृत्व में बालको के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और सतत विकास के लक्ष्यों को और मजबूती मिलने की अपेक्षा है। डिमर्जर के तहत पूर्व सीईओ राजेश कुमार को वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड का सीईओ नियुक्त किया गया है। वे एल्यूमिना एवं एल्यूमिनियम विस्तार परियोजनाओं, डाउनस्ट्रीम व्यवसाय के विकास और रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगे। बालको में अपने कार्यकाल के दौरान राजेश कुमार ने कंपनी की विस्तार परियोजनाओं को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**खास बात**

- डिमर्जर के तहत पूर्व सीईओ को एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड का बनाया गया सीईओ







Our Stars of JEE Session-II
RESULTS ही है, हमारी पहचान
ये सिर्फ रिजल्ट नहीं...
ACHARYA INSTITUTE
Ka statement hai
ADYA GUPTA 99.76 %ile PHY: 99.61 CHE: 99.76 MATH: 99.39
NATIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
PRASAN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
AIR 12770
AIR 12577
Cat.AIR 774
AIR 3813
AIR 6420
AIR 12665
हर मार्क के पीछे है Acharya का भरोसा
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.94 %ile PHY: 99.10 CHE: 94.26 MATH: 98.07
YASH CHANDANI 98.67 %ile PHY: 98.40 CHE: 97.43 MATH: 97.70
ADITI KRISMUCS 98.44 %ile PHY: 94.88 CHE: 99.01 MATH: 98.01
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87 MATH: 86.75
RAGHAV SINGH 97.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
SRIJAN SWARNAKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97 MATH: 92.01
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49 MATH: 86.79
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile PHY: 86.33 CHE: 96.33 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94 MATH: 67.66
ASTHA SONI 94.77 %ile PHY: 96.64 CHE: 91.81 MATH: 81.65
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile PHY: 91.88 CHE: 76.10 MATH: 95.29
MOKSHA TIWARI 92.90 %ile PHY: 90.52 CHE: 91.08 MATH: 92.37
OM VERMA 92.90 %ile PHY: 96.68 CHE: 92.96 MATH: 95.86
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13 MATH: 64.33
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile PHY: 87.87 CHE: 61.02 MATH: 96.52
99%+ 5 Students
98%+ 4 Students
95%+ 18 Students
36+ Students Advanced Qualified
Best "NEET" Results 2024
Best "NEET" Results 2025
710/720 STATE TOPPER
AIR 364
FIRST RANK IN CHHATTISHGARH
PHY 180/180 CHE 175/180 ZOO 180/180 BOT 175/180
AIIMS BHOPAL
SHRISHTI GUPTA
3 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2550
ACHARYA KI SHRISHTI
छत्तीसगढ़ NEET TOPPER
705/720
PHY 180/180 CHE 180/180 ZOO 175/180 BOT 170/180
AIIMS HYDERABAD
GUNJAN MISHRA
2 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2575
663/720 ANANYA GUPTA JNM RAIPUR
647/720 AKSHAT JAISWAL GMC RAJNANDGON
644/720 SHUBH SHARMA GMC RAJNANDGON
640/720 ANISH DEWANGAN CIMS BILASPUR
630/720 SUBRAT JAISWAL GMC RAIGARH
617/720 SNEHA SINGH DEV JNM RAIPUR
564/720 JANHVI JAIN JNM RAIPUR
561/720 AADYA KAUSHIK JNM RAIPUR
533/720 ASHFIYA ALI CIMS BILASPUR
492/720 VIDYA JAHNVI GMC RANCHI
506/720 HITESH NISHAD RAJNANDGAON
492/720 KRISHNA DEWANGAN GMC RAIGARH
100+ Student Selected in Govt. College & Many More...
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ADMISSION OPEN 2026-27
11th-12th NEW BATCH 7th MAY
IIT-JEE DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) 7TH MAY
NEET DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) NEW BATCHS - 7th MAY & 18th MAY
FOUNDATION NEW BATCH (6TH TO 10TH) 8th MAY
SUMMER COURSE 8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM STARTING FROM MAY 1st WEEK 2026
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### बाईक के इंजन में कुंडली मारकर बैठा था कोबरा हुआ रेस्क्यू

**कोरबा।** कोसाबाड़ी में एक बाइक के इंजन में जहरीला कोबरा घुस गया था। वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर सांप को सुरक्षित बाहर निकाला और जंगल में छोड़ दिया। शुक्रवार शाम एक व्यक्ति ने अपनी बाइक स्टार्ट की तो उसे इंजन के पास से सरसराहट की आवाज सुनाई दी। करीब से देखने पर पता चला कि एक जहरीला कोबरा बाइक के अंदर कुंडली मारकर बैठा था। इस नजारे को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और तत्काल वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पूरी सावधानी और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कोबरा को रेस्क्यू किया। लगभग 20 मिनट की मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित रूप से बाइक से बाहर निकाला गया। इसके बाद कोबरा को शहर से दूर एक सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

### बीएनजी पब्लिक के छात्र प्रिंस प्रथम स्थान पर

**हरदीबाजार।** बीएनजी पब्लिक स्कूल



हरदीबाजार में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा जिसमें प्रिंस राठौर 89.83 प्रतिशत रहा। विद्यालय के 27 छात्र प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं एवं 10 छात्र द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं में 94 प्रतिशत रिजल्ट आया है।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुडदेवा का परीक्षा परिणाम घोषित



**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुडदेवा में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषणा की। इस मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्षा अनिता राजपूत, प्राचार्य जयश्री माहुलीकर, वरिष्ठ व्याख्याता आरके पात्रे, परीक्षा प्रभारी सीजुवेन्द्र साव उपस्थित रहे। कक्षा नवमी में प्रथम स्थान प्रियांशी कंवर 84.3 प्रतिशत, द्वितीय दिव्या मनहर 83.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान प्रिया 80 प्रतिशत रहीं, इसी प्रकार 11वीं में प्रथम आन्या 66 प्रतिशत, द्वितीय श्वेता 65.8 प्रतिशत, तृतीय चंचल लहरे 63.2 प्रतिशत प्राप्त किया। सभी को प्राचार्य एवं अध्यक्षा द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया। एक दिन पूर्व ही बोर्ड परीक्षा परिणाम भी घोषित हुआ जिसमें हाइ स्कूल परिणाम 69.5 प्रतिशत व हायर सेकेण्डरी में कला संकाय का परिणाम सौ प्रतिशत, वाणिज्य संकाय सौ प्रतिशत एवं विज्ञान संकाय 75 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम साक्षी 88.8 प्रतिशत, द्वितीय अभिषेक एवं संजना 84.3 प्रतिशत, तृतीय एरिक व शिवानी 82 प्रतिशत रहें। हायर सेकेण्डरी में शाला में प्रथम दुर्गेश्वरी 84.4 प्रतिशत, द्वितीय सानिया 80.4 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर प्रतिमा 76.6 प्रतिशत रहें।

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

**कोरबा।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर की उपस्थिति में कलेक्टोरेट ऑडिटोरियम में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम विषय पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन का आयोजन किया गया। प्रषिक्षण में आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष एवं एक सदस्य शामिल हुए। अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों को बताया कि कार्यालयों में गठित आंतरिक शिकायत समिति का दायित्व है कि वे कार्य स्थल पर महिलाओं को कार्य करने का सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करायें एवं शिकायत प्राप्त होने पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करते हुए दोषियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने समिति को न्यायालय की तरह अधिकार प्राप्त होने की जानकारी देते हुए कहा कि आंतरिक शिकायत समिति एक मजबूत समिति है वह कानून के हिसाब से काम करती है। समिति के पास महिलाओं की शिकायत तभी पहुंचेगी जब निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सुरक्षित वातावरण में सहानुभूति के साथ सुनवाई होगी। समिति को जांच एवं कार्यवाही के दौरान कार्यालय प्रमुख से अनुमति लेने की आवश्यकता भी नहीं होती। उन्होंने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति का प्रमुख उद्देष्य कार्य स्थल में कार्य संस्कृति को बेहतर बनाना और पीड़ित को न्याय दिलाना है। इस कार्य में समिति के पूरे सदस्य की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

# दीपका खदान से प्रभावित हरदीबाजार के ग्रामीणों ने रोका मिट्टी उत्खनन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका प्रबंधन की मनमानी व जबरदस्ती से अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार के ग्रामवासी लम्बे समय से शांतिपूर्वक लड़ते और अपनी मांगों को रखते आ रहे हैं लेकिन दीपका प्रबंधन जनमानस के भावनाओं व उनके अधिकारों के विपरित कार्य कर ग्रामवासियों को बेवजह परेशान करना दीपका प्रबंधन की फितरत बन गई है। शुक्रवार को हरदीबाजार के शांतिनगर मोहल्ला से लगा मलगांव फेस पर ओबी उत्खनन के लिए लगी तीन पीसी मशीन व दर्जनों भारी वाहनों की आवाजाही से जहां धूल से मोहल्ला पट रहा था, तो दूसरी ओर उत्खनन से होनी वाली जल संकट को लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मिलकर ओबी का कार्य बंद कराया और दीपका महाप्रबंधक के नाम एक मांग पत्र एसईसीएल दीपका से आए भूराजस्व अधिकारी सुशील साहू, अजय राठौर को दिया गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि हरदीबाजार शांतिनगर मोहल्ला जो की एक घना आबादी वाला है जहां सपरिवार लोग निवासरत है, खदान के नजदीक आने से पानी की समस्या बढ़ गई है, वहीं बची खुची जल स्त्रोत को निगलने प्रबंधन मोहल्ले के नजदीक बिना दायरा छोड़ उत्खनन कर रही है। मोहल्लेवासियों का साफ कहना है कि एसईसीएल व प्रशासन का साथ देकर शांतिपूर्वक मकानों व परिसंपत्तियों की नापी कराई है, जल्द से जल्द दीपका प्रबंधन संतोष जनक मुआवजा राशि बसाहट, नौकरी सुनिश्चित करें, हम खदान की जद से चले जाएंगे। आबादी क्षेत्र के खदान का संचालन बेहद से कष्ट प्रद है, धुल के गुब्बार, हैवी ब्लास्टिंग के झटके, उससे उड़ते पत्थर घरों में पहुंच रही है, उत्खनन से उड़ते धुल व पानी के स्त्रोत का खदान में समाहित होने से जल संकट इस भीषण गर्मी में और बढ़ गई है। खास तौर पर कालेज रोड, गांधीनगर, हास्पिटल मोहल्ला, पुराना दीपका रोड़, भांठापारा, बस्ती सहित हरदीबाजार के सभी मोहल्लों में टेंकर से जलापूर्ति की जा रही है जो नकाफी है। वहीं जदातर मोहल्लों में संकरी गलिया है, जहां टेंकर नहीं पहुंच पाती हैं, जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गई है। मोहल्ले वासियों ने खदान सुरक्षा दायरा क्षेत्र छोड़ कर ओबी उत्खनन करने आबादी के नजदीक ब्लास्टिंग नहीं करने की हिदायत दी है अन्यथा सभी मोहल्ले वासियों ने पुनः विरोध कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी दीपका प्रबंधन की होगी।

**नियमानुसार दायरा छोड़ उत्खनन करने दीपका जीएम को सौंपा ज्ञापन**



**सुरक्षा को नजरंदाज नहीं करना चाहिए**

सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन को खदान सुरक्षा को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। नजदीक में घना आबादी वाला बस्ती है। वहीं अजय दुबे भाजपा जिला मंत्री ने कहा कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन जबरदस्ती व मनमानी पूर्वक खदान संचालन कर रही है। घनी आबादी से खदान सुरक्षा दायरा छोड़ उत्खनन करें। पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन ने कहा कि हरदीबाजार में जलसंकट एक बड़ी समस्या बनी हुई है, जिसके निदान में एसईसीएल फैल है, वहीं शांतिनगर मोहल्ला को भी जलसंकट में लाना चाह रही। दीपका प्रबंधन खदान में उत्खनन नियमानुसार आबादी क्षेत्र से दूरी बनाकर करें।

## वीआईपी रोड के इंदिरा चौक में होते हैं आए दिन हादसे

# शहर के ब्लैक स्पाट में हादसे रोकने नहीं हो रहे प्रयास



वंद पावर हाउस के सामने अंधा मोड़।



वीआईपी रोड पर इंदिरा चौक जहां होती हैं दुर्घटनाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले के ब्लैक स्पाट में हादसा रोकने के लिए दिए जाने वाले निर्देशों का मैदानी क्षेत्रों में अमल होते नजर नहीं आ रहा है। वीआईपी रोड के इंदिरा चौक एवं दर्री मार्ग में बंद पावर हाउस का मोड़ हादसों के रूप में पहचान बना चुका है।

**खास बातें**

- बंद पावर हाउस रोड मोड़ की नहीं कटी झाड़ियां

समिति की बैठक में कलेक्टर के द्वारा अधिकारियों को सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए जिले के ऐसे स्थानों को चिन्हांकित करने कहा था, जहां लगातार हादसे हो रहे हैं। ऐसे स्थलों को ब्लैक स्पाट के रूप में चिन्हित कर वहां हादसे रोकने के लिए सुरक्षा संबंधी प्रयास करने के निर्देश दिए थे। ग्रामीण अंचलों के बाद शहरी क्षेत्र में भी काम होता नहीं दिख रहा है। इनमें वीआईपी रोड का इंदिरा चौक हादसों के स्थल के रूप में पहचान बना चुका है। आए दिन उक्त चौक पर घटनाएं हो रही हैं। जबकि वीआईपी रोड पर लगातार वाहनों का दबाव बढ़ा है। मार्ग में सरस्वती शिशु मंदिर एवं अंधरीकछार प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला स्थित है। छुट्टी के समय मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इंदिरा चौक में सड़क के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर को लेकर स्थानीय निवासियों एवं पार्षदों ने नगर निगम को पत्र भी दिया था। इसके बावजूद चौक के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर का निर्माण आज तक नहीं किया गया। इसी तरह दूसरा ब्लैक स्पाट शहर में ही सीएसईबी चौक से दर्री जाने वाले टू लेन सड़क में बंद पावर हाउस के सामने स्थित है। नहर के ठीक पहले अंधा मोड़ होने के कारण वाहनों के आपस में भिड़ंत हो जाती है। मोड़ के एक ओर लगी हुई झाड़ियों को भी हटाने का काम आज तक नहीं किया गया। जबकि विगत दो माह में 3 बार सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ब्लैक स्पाट में हादसे रोकने के लिए उपाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

**रेलिंग विहीन है पुलिया**

शहर को ग्रामीण अंचलों को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों में रेलिंग विहीन पुलिया हादसों का कारण बन रही हैं। इन सड़कों का निर्माण पीएमजीएसवाय एवं लोक निर्माण विभाग एजेंसी के द्वारा किया गया है। और दोनों ही एजेंसियों ने रेलिंग लगाने का काम शुरू नहीं किया। रेलिंग विहीन पुलियों में गोढ़ी मार्ग का कचांदी नाला पुलिया एवं सोनपुरी अजगरबहार मार्ग में चुइया नाला की पुलिया प्रमुख है। दोनों ही पुलियों में भारी वाहनों के साथ आम लोगों का आना जाना हमेशा बना रहता है। दोनों ही पुलियों में हादसे हो चुके हैं।

# हाईवे पर इंटरसेप्टर के जरिए की गई वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पेट्रोलिंग करते पुलिस।

जिले के हाईवे 130 पर ट्रैफिक पुलिस ने इंटरसेप्टर के जरिए वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। एनएच पर होने वाले अलग-अलग दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इंटरसेप्टर के जरिए लगाम लगाने की कवायद की जा रही है।

**खास बात**

- तेज रफ्तार गाड़ियों की स्पीड एनालाईजर करने में हो रही आसानी

जिला पुलिस की मांग पर प्रदेश मुख्यालय से पिछले वर्ष ट्रैफिक पुलिस को इंटरसेप्टर वाहन उपलब्ध कराया गया है जिसमें कई प्रकार के आधुनिक उपकरण दिए गए हैं। वाहनों की गति सीमा के साथ-साथ अनेक मामलों में जांच पड़ताल करने की व्यवस्था में दी गई है। जीपीएस के साथ स्पीड राडार इसे विशेष बनाती है। हाई फ्रीक्वेंसी फ्रंट कैमरा का प्रयोग इस मामले में उपयोगी साबित हो रहा है कि काफी दूर से तेज रफ्तार से आने वाली गाडिय़ों की स्पीड को एनालाइज करने का काम बड़ी आसानी से हो रहा है और इस आधार पर संबंधित चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने में मदद मिल रही है। ट्रैफिक पुलिस की टीम इंटरसेप्टर के जरिए अलग-अलग क्षेत्र में पहुंचकर अपने काम को अंजाम दे रही है।

बताया गया कि यह सुविधा प्राप्त होने के बाद से लगातार कार्रवाई करने में आसानी हुई है और लापरवाही बरतने वालों को सबक भी मिला है कि हाईवे पर मनमानी करने की छूट नहीं है और फिर एक्शन के रूप में इसकी बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ सकती है। पुलिस ने कहा कि सडक़ हादसों की रोकथाम करने के लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान हमारी व्यवस्था का सतत हिस्सा है और इसके लिए काम हो रहा है। वाहन चालकों को जिम्मेदार बनाने के लिए कोशिश हमेशा जारी रहेगी।

# प्रभारी अधिकारी ने जनगणना कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



जनगणना कार्य का निरीक्षण करते प्रभारी अधिकारी।

नगर पालिका परिषद कटघोरा में जनगणना कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए जनगणना चार्ज अधिकारी द्वारा सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रगणकों (एन्यूमरेटर्स) और पर्यवेक्षकों के कार्यों की बारीकी से जांच की गई, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि जनगणना का कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सही तरीके से किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घर-घर जाकर किए जा रहे सर्वे, डेटा संग्रहण की प्रक्रिया और रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का अवलोकन किया। साथ ही प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिससे कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न हो और सभी जानकारी सटीक रूप से दर्ज की जा सके। इस मौके पर नगर पालिका परिषद कटघोरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) मुद्रिका प्रसाद तिवारी भी मौजूद रहे। उनके साथ नगर पालिका के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी निरीक्षण दल में शामिल थे। टीम ने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कार्य की प्रगति की समीक्षा की और जहां जरूरत महसूस हुई, वहां सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से शासन को जनसंख्या से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त होती है। इसलिए इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ पूरा करना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी प्रगणक निर्धारित समयसीमा में अपना कार्य पूर्ण करें। नगर पालिका प्रशासन ने भरोसा जताया कि सभी कर्मचारियों के सहयोग से जनगणना का कार्य सुचारु रूप से संपन्न किया जाएगा।

# आयुक्त ने दर्री जोन में मकान सूचीकरण कार्य का किया निरीक्षण, प्रगणकों को दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रगणकों के कार्यों को मौके पर देखते आयुक्त व अन्य।

निगम आयुक्त ने दर्री जोन के स्याहीमुड़ी क्षेत्र में पहुंचकर प्रगणकों द्वारा किये जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगणकों का मार्गदर्शन करते हुए त्रुटिरहित मकान सूचीकरण कार्य किये जाने के निर्देश उन्हें दिये। इस मौके पर आयुक्त ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें किसी प्रकार की त्रुटि गुंजाईश नहीं होनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल जनगणना 2027 के तहत डिजिटल जनगणना का कार्य किया जा रहा है, इसके प्रथम चरण में 16 से 30 अप्रैल तक नागरिकों द्वारा की जाने वाली स्व-गणना के लिये समय निर्धारित था, तत्पश्चात 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य करते हुये प्रत्येक मकान के विवरण को दर्ज किये जाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, प्रगणक घर-घर पहुंच रहे हैं तथा मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य संपादित करा रहे हैं, जिसके अंतर्गत घर की स्थिति, सुविधायें और मूलभूत जानकारी संकलित की जा रही है। आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के दरी जोन के स्याहीमूड़ी बस्ती पहुंचकर प्रगणकों द्वारा किये जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया, प्रगणकों एवं उपस्थित वार्डवासियों से चर्चा की था प्रगणकों को मार्गदर्शन करते हुये त्रुटिरहित मकान सूचीकरण का कार्य किये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि जब प्रगणक जनगणना व मकान सूचीकरण कार्य हेतु उनके घर पहुंचे तो कृपया वे प्रगणकों को अपना पूर्ण सहयोग दें तथा प्रगणकों द्वारा चाही गई जानकारी उपलब्ध करायें ताकि त्रुटिरहित जनगणना का कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

# प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हो रहा देश का ऐतिहासिक विकासः लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत मार्गदर्शन में देश का ऐतिहासिक विकास हो रहा है, देश में एक ओर जहाँ विकास के सभी क्षेत्रों में लगातार प्रगति हो रही है, जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के गरीब, निर्धन, श्रमिक, बेसहारा, व जरूरतमंद लोगों का जीवन संवर रहा है, वहीं दूसरी ओर देश की उपलब्धियों से विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री व महापौर ने गजानंद साईं मंदिर परिसर में किया विकास कार्य का लोकार्पण



विकास कार्य का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री व महापौर।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुधवारी बाजार के समीप स्थित गजानंन सांई मंदिर परिसर के समीप आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने परिसर में सेल्फ सर्पोटेड डोम निर्माण की मांग पर कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में ही यहाँ पर डोम निर्माण की घोषणा की गई थी, अब शीघ्र ही 25 लाख रूपये की राशि डोम निर्माण हेतु प्रदान की जाएगी तथा यहाँ पर भव्य डोम का निर्माण कराया जाएगा। सभी समाजों के लिये उनके अपने भवन हों, इस दिशा में मेरे द्वारा पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य किये गये हैं, कोरबा में वर्तमान तक 55 सामाजिक भवनों की स्वीकृत प्रदान की गई है, जिसमें अनेक भवन बन चुके हैं तथा अनेक निर्माणाधीन है, उन्होंने कहा कि मराठा समाज के लिये भी अभी हाल ही में 10 लाख रूपये की लागत से भवन बनाया गया है, जिसका लोकार्पण भी हो चुका है। इस दौरान सामुदायिक भवन में आंतरिक विद्युतीकरण व अन्य विकास कार्य के साथ-साथ शौचालय का निर्माण कराया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि महाराष्ट्र मण्डल के आग्रह पर गजानंन सांई मंदिर के प्रवेशद्वार के समीप स्थापित शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर लघु उद्यान का निर्माण कराये जाने की घोषणा की तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे तत्काल इस पर कार्यवाही प्रारंभ कराएं। इस दौरान पार्षद नरेन्द्र देवांगन, धनकुमारी गर्ग, प्रफुल्ल तिवारी, राजेश राठौर, वैभव शर्मा, सुधीर रेगे, हेमंत माहुलिकर, राजेन्द्र पाले, नरेन्द्र वाकडे, स्नेहल तलवार, सुनील पाण्डेय, प्राची जाखड़ी, गुलजार सिंह, अनिल यादव, आकाश श्रीवास्तव, धर्मपाल सोलंकी, मनोज सिंह राजपूत, अनिल पाठक, आकाश अग्रवाल, सुनील पाठक, आलोक द्विवेदी उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप



### मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** मजदूर दिवस के अवसर पर बेमेतरा में बोरे बासी कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति मनाया गया। कार्यक्रम में जिला से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं रायगढ़ जिला प्रभारी रजनीश तिवारी और छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व श्रम कल्याण मंडल बोर्ड के सदस्य नवीन सिंह ठाकुर शामिल हुए। मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे बासी कार्यक्रम को एक धरोहर के रूप में बताते हुए यह कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के समस्त पारंपरिक त्यौहारों को बढ़ावा देते हुए प्रदेश के तमाम नागरिकों का सम्मान किया था और इस तरह की आयोजन सदैव जनमानस के पटल पर होते रहना चाहिए।

### श्रमिक राष्ट्र निर्माण के मौन शिल्पी हैं, उनका हो सम्मान : नरेंद्र



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल, मेडिकल कॉलेज कोरबा में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं कार्यरत श्रमिकों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा फल वितरण कर उनके सेवा-समर्पण को नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रमिक राष्ट्र निर्माण के मौन शिल्पी हैं और उनके परिश्रम से ही समाज और देश की प्रगति संभव है। उनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर डीन डॉ. कमल किशोर सहारे, यूआर महिलांगे, प्यारेलाल चौधरी, सुरेश कुमार द्विवेदी, आरपी खांडे, आरके पांडेय एवं तरुण राठौर, रामाधार पटेल, मोहन सिंह प्रधान, हरीश चंद्र निषाद, नोहर चंद्रा, कृष्ण कुमार द्विवेदी, नरेंद्र गोस्वामी, रूपेश, जयंत सहित श्रमिक एवं काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे।

### एटक संभागीय कार्यालय में मनाया गया मजदूर दिवस

**कोरबा।** एटक संभागीय कार्यालय में कामरेड दीपेश मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। दीपेश मिश्रा ने कहा कि विश्व में श्रम एवं पूंजी के बीच विकास से जुड़ी हिस्सेदारी को लेकर विवाद है उन्होंने कहा कि दुनिया भर के तमाम देशों मे ग्लोबलाइजेशन के कारण श्रमिकों और पूंजीपतियों के रिश्तों मे जबरदस्त तनाव बढ़ रहा है। कार्यक्रम में सुभाष सिंह, राजेश पांडे, नंद किशोर साव, एसके प्रसाद, एसएन गिरी, रमाकांत शर्मा, घनश्याम त्रिपाठी, अरुण राठौर, विश्वजीत मुखर्जी, रामलाल साहू, रामजी साहू, देवाशीष डे, सुनील राठौर, उज्जवल बनर्जी, अरुण कुमार राठौर, अशोक कुमार राय, अनिर्बन मुखोपाध्याय, मनोज श्रीवास, गोरेलाल राठौर, पुरुषोत्तम राठौर, नाथूराम, संतोष मसीह, श्यामलाल साहू, गजाधर दास, सोखी लाल चंद्रा, अमरजीत, प्रभा राय आदि उपस्थित रहे।

### अराना को 84.2 प्रतिशत मिले



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में अराना चौधरी ने 12 वीं मैथ्स की छात्रा ने 500 में 421 अंक प्राप्त कर 84.2 प्रतिशत अर्जित कर माता सुजाता चौधरी, पिता नीलकमल चौधरी एवं गुरुजनों को गौरवान्वित किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों को दिया।

# एक तरफ पर्यावरण का संरक्षण तो दूसरी ओर अतिक्रमण से संरक्षित हुई शासकीय भूमि

## डीएमएफ से स्याहीमुड़ी आत्मानंद स्कूल परिसर बना ग्रीन जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिला खनिज न्यास मद से स्याहीमुड़ी आत्मानंद हाई स्कूल परिसर से एक ऐसी तस्वीर बाहर निकल कर आई है जिसमें एक तरफ पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है तो दूसरी ओर शासकीय जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को दूर कर जमीन को अतिक्रमण से संरक्षित किया गया है। नगर पालिक निगम कोरबा के इस कदम से स्कूल परिसर आज एक ग्रीन जोन बन चुका है तो वहीं दूसरी ओर सुसज्जित कैंपस की सौगात विद्यालय को मिली है।

नगर निगम के दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र 51 स्याहीमुड़ी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय हाई स्कूल परिसर से लगी हुई जमीन अवैध कब्जे की भेंट चढ़ रही थी, लोगों ने अवैध कब्जे कर रखे थे तथा उक्त शासकीय जमीन के अतिक्रमण से ग्रस्त होने की पूरी संभावना थी। परिसर के चारों ओर लगे पुराने वृक्ष व पौधे असुरक्षित थे , वहीं दूसरी ओर स्कूल परिसर पूर्ण रूप से खुला हुआ था, सुरक्षा का अभाव था । नगर पालिक निगम कोरबा ने वर्ष 2025 में जिला खनिज मद से स्वीकृत 20 लाख रुपए की लागत से 400 मीटर पक्की व मजबूत बाउंड्री वॉल का निर्माण करते हुए संपूर्ण स्कूल परिसर एवं परिसर के चारों ओर लगाए गए तथा अब व्रक्ष का रूप धारण कर चुके इन पौधों को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया गया है , इससे एक और जहां पेड़ पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी इच्छा शक्ति जाहिर की गई है, वहीं दूसरी ओर विद्यालय परिसर सुव्यवस्थित व सुरक्षित हो चुका है , इसके साथ ही एक दूसरी सबसे बड़ी बात यह हुई है कि अब उक्त शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे की गुंजाइश नहीं रहेगी , अब जमीन अतिक्रमण की भेंट नहीं चढ़ेगी।

**खास बातें**

- कैंपस हुआ सुरक्षित, अतिक्रमण से बची शासकीय भूमि
- स्कूल परिसर को बनाया जा रहा ग्रीमन जोन



## 85 पदों के लिए शिक्षा विभाग निकालेगा विज्ञापन

# आत्मानंद स्कूलों में मेरिट के आधार पर होगी भर्ती, साक्षात्कार व्यवस्था खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा नई गाइड लाइन जारी कर दी गई है। इसके तहत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर भर्ती की जाएगी। पूर्व में जारी साक्षात्कार व्यवस्था को इस वर्ष से खत्म कर दिया गया है।

बीते 3 वर्षों से लगातार स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। 2023 में शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया के तहत अभी भी पूरे पद भरे नहीं जा सके हैं। 2023 में विधानसभा चुनाव की वजह से भर्ती प्रक्रिया पर रोक लग गई थी और उसके बाद पुनः शुरू की गई प्रक्रिया न्यायालयीन आदेश की वजह से स्थगित करना पड़ा। 2025 में जब भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई तो 2023 में लिए गए पुराने आवेदनों के ही अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया। परिणाम स्वरूप आधे पद पर भी उम्मीदवार नहीं मिले और अभी अभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकोंके 85 पद खाली हैं। जिनमें सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षक शामिल हैं। शिक्षा विभाग के द्वारा आने वाले सप्ताह में भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने विज्ञापन जारी किया जा सकता है। इसकी भी तैयारी विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई है। संभवतः 16 जून के पूर्व मेरिट के आधार पर होने वाली भर्ती से आत्मानंद स्कूलों को नए शिक्षक मिल सकेंगे।

**खास बात**

- स्कूल शिक्षा विभाग ने भर्ती के लिए जारी की गई गाइडलाइन




### अधिकांश स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर शिक्षक

जिले में चल रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूलों में अधिकांश शिक्षक शासकीय स्कूलों से ही प्रतिनियुक्ति के तहत पदस्थ किए गए हैं। नए शिक्षकों के आने के बाद ऐसे शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति भी समाप्त की जा सकती है, जो पूर्व में लंबे समय से स्कूल के संचालन के दौरान ही पदस्थ हुए थे। ऐसे शिक्षकों को सेवा देते हुए 6 साल से अधिक का समय बीत चुका है। इन सभी शिक्षकों की शिक्षा अंग्रेजी माध्यम की थी। इस वजह से इन्हें प्रतिनियुक्ति के तौर पर स्कूलों में पदस्थ किया गया था। शिक्षकों के साथ आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य भी स्कूलों के वरिष्ठ शिक्षकों को बनाया गया है।

### शिक्षकों के लिए छात्र उतर चुके हैं सड़क पर

शिक्षकों की कमी से परेशान आत्मानंद स्कूलों के कोरबी और पसान क्षेत्र के छात्र शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर सड़क पर उतरने के साथ जिला मुख्यालय तक की दौड़ लगा चुके हैं। कोरबी आत्मानंद स्कूल के छात्र बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे थे तो पसान आत्मानंद स्कूलों के छात्रों ने सड़क पर चक्काजाम किया था। तहसीलदार के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त किया गया और अस्थायी तौर पर शिक्षकों की पदस्थापना हुई। समय पर वेतन नहीं मिलने की वजह से स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों के बीच शिक्षण सत्र के दौरान नौकरी छोड़कर अन्य स्थानों में चले जाने के कारण स्कूल प्रबंधन को शिक्षकों की कमी से जूझना पड़ता है।


### जल्द जारी होगा विज्ञापन

आत्मानंद स्कूलों में भर्ती के लिए विज्ञापन जल्द जारी किया जाएगा। इस बार मेरिट के आधार पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इस बार साक्षात्कार व्यवस्था बंद कर दी गई है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृत युवक।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वारानी केबिन के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिला। शव रेलवे के बिजली खंभे के तार से लिपटा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चलती ट्रेन से खंभे से टकराने के कारण यह हादसा हुआ होगा। स्टेशन मास्टर की सूचना पर उरगा पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस के अनुसार, यह घटना देर रात की है। जांच में यह संभावना व्यक्त की गई है कि युवक रात के समय किसी यात्री ट्रेन के गेट पर खड़ा था और संतुलन बिगड़ने पर वह खंभे से टकरा गया। मृतक युवक की उम्र लगभग 24 साल बताई जा रही है। उसने काले रंग का लोअर, टी-शर्ट और जूते पहने हुए थे। उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ-साथ व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से मृतक की पहचान कराने में जुटी है। शव के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला है। पुलिस को आशंका है कि यह घटना रात में गुजरने वाली किसी यात्री ट्रेन में हुई है।

# साले को मौत के घाट उतारने वाले जीजा को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत रमेश सिंह कोर्राम ने मामूली बात पर अपने ही साले पर गडासा से हमला कर दिया था। इस हमले में उसके साले की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा ने आरोपी रमेश सिंह कोर्राम को आरोपी। आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल द्वारा जानकारी दिया गया कि मृतक नाथूराम विंगत 1 माह से अपनी बहन और आरोपी रमेश सिंह कोर्राम के घर में रह रहा था कि 4 अक्टूबर 2022 की शाम के लगभग 6 बजे ओरोपी रमेश सिंह कोर्राम अपने हाथ में रखे कत्ता गडासा से अपने साला मृतक नाथूराम को जाने से मारने की धमकी देते हुए कत्ता से कोचक रहा था और उसे घसीटते हुए कंकरीट वाले रोड में फेंक दिया, घसीटने से मृतक नाथू राम का शरीर पूरी तरह से छिल गया था और गंभीर चोंट आयी थी जिसकी 5 अप्रैल 2022 को मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी रमेश सिंह कोर्राम पिता मगंल सिंह कोर्राम उम्र 55 वर्ष निवासी गांधीनगर सिरकी को धारा 302 भादवि के तहत न्यायालय श्रीमती मधु तिवारी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया जहां रमेश सिंह कोराम दोष सिद्ध होने पर आजीवन सश्रम करावास एवं जुर्माना के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# युवती पर चाकू से हमला, नाबलिग सहित एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती ड्यूटी जा रही थी तभी एक युवक ने उसपर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में युवती को गंभीर चोट पहुंची थी जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के तनाव में उसने इस वारदात को अंजाम दिया था।

मामला 27 मार्च की सुबह करीब 10:45 बजे की है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंप हाउस निवासी आशा खेवरार पैदल ड्यूटी पर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने युवती पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया था और मौके से फरार हो गए थे। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के



आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। करीब एक महीने की मशक्कत के बाद पुलिस ने पुरानी बस्ती धनवार पारा निवासी शक्ति कुमार साहिस (19 साल) और उसके नाबालिग साथी की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ में मुख्य आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका अपनी गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया था, जिससे वह मानसिक तनाव में था। घटना वाले दिन वह अपने साथी के साथ चाकू लेकर अपनी गर्लफ्रेंड को मारने निकला था। रास्ते में उसने आशा खेवरार को मोबाइल पर बात करते हुए देखा। आरोपी को लगा कि उसकी गर्लफ्रेंड उसे धोखा दे रही है, इसी गुस्से में उसने पीछे से युवती पर चाकू से हमला कर दिया।

# शॉर्ट सर्किट से घर के आंगन में खड़ा ऑटो और बाइक जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर बस्ती मुख्य मार्ग स्थित एक मकान में अचानक आग लग गई। इस हादसे में घर के आंगन में खड़ी एक ऑटो और दुपहिया वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग की ऊंची लपटों को देख इलाके में हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

**खास बात**

- मकान के आंगन में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड में हुआ था शार्ट सर्किट

जानकारी के अनुसार मानिकपुर बस्ती में निवासरत लोचन सोनी अपने घर के पास ही साइकिल दुकान के साथ साथ ऑटो का संचालन करता है। मकान के आंगन में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग तेजी से फैली और आंगन में खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के वक्त परिवार के सदस्य कमरों के भीतर थे, जिसके कारण उन्हें शुरुआत में आग का पता नहीं चला। जैसे ही आग की लपटें बढ़ीं और धुआं फैलना शुरू हुआ, घर के लोग तुरंत बाहर की ओर भागे और अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, अन्यथा घनी बस्ती होने के कारण आसपास के अन्य मकान भी इसकी चपेट में आ सकते थे। हालांकि, इस अग्निकांड में पीड़ित लोचन सोनी को आर्थिक नुकसान पहुंचा है।



दुकान में लगी आग।




## रक्षित केंद्र कोरबा में पुलिस व्यवहार प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# अच्छा व्यवहार ही पुलिस की सबसे बड़ी पहचान एवं ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पुलिस द्वारा संवेदनशील पुलिसिंग, जनविश्वास, आधुनिक तकनीक एवं एआई आधारित कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने हेतु इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को थानों में आने वाले नागरिकों, फरियादियों एवं पीड़ितों के साथ सम्मानजनक एवं शालीन व्यवहार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि थाने में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी पीड़ा, भय या समस्या से परेशान होता है तथा वह पुलिस से सहायता और न्याय की उम्मीद लेकर आता है। ऐसे में पुलिस का व्यवहार ही जनता के मन में विभाग की छवि बनाता है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि थानों में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात धैर्यपूर्वक सुनी जाए, एफआईआर दर्ज करने से मना न किया जाए, प्रत्येक शिकायत को विधिवत जीडी में दर्ज किया जाए तथा शिकायतकर्ता को समय पर कार्यवाही की जानकारी दी जाए। महिला फरियादियों एवं एससी एसटी वर्ग के नागरिकों के प्रति विशेष संवेदनशील व्यवहार रखने पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतीक चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक, पुलिस अनुभागी अधिकारी कटघोरा विजय सिंह राजपूत, प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री आस्था शर्मा सहित थाना प्रभारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक, स्मार्ट पुलिसिंग एवं एआई आधारित तकनीकों के उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया गया कि वर्तमान समय में अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध जांच, डिजिटल निगरानी, डेटा विश्लेषण, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं त्वरित सूचना संकलन में एआई तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं आधुनिक बनाने के लिए आईटी एवं एआई आधारित संसाधनों के बेहतर उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।



प्रशिक्षण में शामिल पुलिस के जवान।



